AU Small Finance Bank Limited
Head Office - Bank House, Mile 0,
Ajmer Road, Jaipur, Rajasthan, 302001
Corporate Office - 5th Floor, E-Wing, Kanakia Zillion
LBS road, Kurla West, Mumbai, Maharashtra, 400070

तत्काल प्रकाशन के लिए

एयू बैंक ने आगरा में अपनी पहली शाखा का किया शुभारंभ

आगरा, 24 सितम्बर, 2020: एयू स्मॉल फाईनैंस बैंक ने आज एक शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक और भारत के तेज़ी से बढ़ रही रिटेल बैंकों में से एक के रूप में आगरा में अपने परिचालन की शुरूआत की। आगरा के मेयर श्री नवीन जैन ने ब्रांच मैनेजर श्री सोनपाल सिंह के साथ आगरा की पहली एयू बैंक शाखा का शुभारंभ किया। संजय प्लेस में स्थित इस शाखा की शुरुआत के साथ अब 12 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में एयू बैंक के 690+ बैंकिंग टचपॉइंट्स हो गये हैं। हिन्दुस्तान की ऐतिहासिक धरोहर समेटे उत्तर प्रदेश में एयू बैंक लगातार अपनी पहुँच बढ़ा रहा है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक सरल बैंकिंग पहुंचा सके। इसी क्रम में पिछले कुछ हफ़्तों में एयू बैंक ने कानपुर शाखा की भी शुरुआत की है। गाज़ियाबाद और नॉएडा में एयू बैंक की सेवाएं पहले से उपलब्ध हैं।

एयू के पास एक रिटेल आधारित और ग्राहक केन्द्रित संस्थान होने की 25 वर्षों की विरासत है। अपनी बैंकिंग सेवाओं की शुरूआत से ही एयू ने ग्राहकों की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट और सेवाएं तैयार की हैं। एक डिजिटल केन्द्रित बैंक के तौर पर एयू बैंक आगरावासियों के लिये सरलीकृत बैंकिंग की पेशकश करेंगे जिसमें शामिल है वीडियो केवायसी द्वारा कॉन्टैक्टलेस सेविंग्स अकाउंट और एफ.डी.; व्हाट्सएप बैंकिंग द्वारा तुरंत सेविंग्स अकाउंट खोलना; पेमेंट सेवाओं के लिए क्यूआर कोड और पोस; भीम यू.पी.आई.; बिल पेमेंट के लिए बी.बी.पी.एस.; मिस्ड कॉल बैंकिंग; टैब बैंकिंग; एयू अभि इंस्टैन्ट सेल्फ-ऑनबोर्डिंग बैंक अकाउंट, चैटबोट आदि।

इसके अलावा इस शाखा पर सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हैं जैसे सेविंग्स अकाउंट, करंट अकाउंट, फिक्स्ड डिपॉजिट, लॉकर, म्युचुअल फण्ड, इंश्योरेंस आदि। सेविंग्स अकाउंट में ग्राहक के पक्ष में एयू ने मासिक ब्याज अदायगी की शुरुआत की है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए उद्योग जगत के लिए भी उनकी ज़रूरतों के अनुसार बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। शीघ्र लोन के लिए और सुविधाजनक बैंकिंग के लिए कागजी कार्यवाही को भी कम से कम रखा गया है।

एक बैंक के तौर पर पिछले तीन वर्षों में एयू ने करीब 4,600 करोड़ रू. का सॉलिड नेट वर्थ, 26,000 करोड़ रू. से ज्यादा का मजबूत डिपॉजिट आधार और 30,000 करोड़ रू. से अधिक का एक मजबूत ऋण आधार बनाया है। यह बैंक दोनों प्रमुख एक्सचेंजेस एनएसई और बीएसई में सूचीबद्ध है। वित्तीय वर्ष 2021 की पहली तिमाही में एयू बैंक का कर पश्चात लाभ 49 प्रतिशत बढ़ा। पिछले कुछ महीनों में आईं अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद एयू बैंक ने सभी मोर्चों पर अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, जैसे जमा वृद्धि, लिक्विडिटी प्रबंधन, संपदा गुणवत्ता, डिजिटल बैंकिंग, समावेशी बैंकिंग, ग्राहक संलग्नता और कर्मचारी सुरक्षा।